भ्रष्टाचार

सार्वजनिक नल के पास गंदगी से बढ़ रहा बीमारियों का खतरा

# स्वच्छता अभियान की उड़ी धज्जियां



**नवभारत/ नरसिंहपुर। गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ठेमी में इन दिनों स्वच्छता अभियान पूरी तरह दम तोड़ता नजर आ रहा है। पंचायत प्रशासन की घोर लापरवाही और उदासीनता के कारण पूरे गांव में गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है। गांव की गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक कचरे के ढेर लगे हैं, लेकिन सबसे चिंताजनक स्थिति गांव के उस सार्वजनिक नल के पास बनी हुई है जहां से ग्रामीण पीने का पानी भरते हैं। यहाँ कचरे और कीचड़ का ऐसा अंबार लगा है कि पानी के स्रोत के दूषित होने का खतरा बढ़ गया है।

भीषण गर्मी के इस मौसम में नल के पास पसरी यह गंदगी न केवल पीने के पानी को दूषित कर रही है, बल्कि इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी प्रबल हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे इसी बदबूदार वातावरण के बीच पानी भरने को मजबूर हैं, जो उनके स्वास्थ्य के साथ सीधे तौर पर खिलवाड़ है। ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए स्थानीय निवासियों ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### महीनों से सफाई का कोई कार्य नजर नहीं आया

ग्रामीणों का दावा है कि पंचायत के सरकारी रिकॉर्ड में हर माह सफाई कर्मचारियों के वेतन के नाम पर नियमित रूप से राशि निकाली जा रही है, परंतु धरातल पर महीनों से सफाई का कोई कार्य नजर नहीं आया है। ग्रामीणों ने तीखे शब्दों में प्रशासन से सवाल किया है कि जब गांव में झाड़ू तक नहीं लगी, तो सफाई के नाम पर निकाला जा रहा सरकारी पैसा आखिर किसकी जेब में जा रहा है। सरकारी धन की इस बर्बादी और गांव की बदहाली को लेकर जनता में गहरा असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो वे सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रदर्शन करेंगे।

### सुविधाओं के अभाव में सफेद हाथी साबित हो रहा आश्रय स्थल

**गोटेगांव।** नगर के लाठगांव रोड पर पानी की टंकी के समीप स्थित आश्रय स्थल देखरेख और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अपनी उपयोगिता खोता जा रहा है। करीब चार साल पूर्व निर्मित इस भवन का उद्देश्य नर्मदा परिक्रमा वासियों और असहाय लोगों को आश्रय प्रदान करना था, किंतु प्रशासनिक उदासीनता के चलते यहाँ बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। आश्रय स्थल में न तो शौचालय का निर्माण कराया गया है और न ही यहाँ ठहरने वालों के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था की गई है। भीषण ठंड के इस दौर में भी यहाँ उचित प्रबंधन न होने से जरूरतमंद लोग शरण लेने से कतरा रहे हैं। यद्यपि भवन के भीतर पलंग और गद्दे रखे हुए हैं, लेकिन शौचालय और पानी जैसी अनिवार्य सुविधाओं के न होने से यहाँ रुकना किसी चुनौती से कम नहीं है। जो लोग मजबूरी में यहाँ रुकते भी हैं, उन्हें निवृत्ति के लिए बाहर जाना पड़ता है और पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।

## तेज रफ्तार की क्रेटा कार ने स्कूटी सवार तीन लोगों को टक्कर मारी

**नवभारत/ गाडरवारा।** बुधवार की रात्रि को उस समय हड़कंप मच गई जब लोगों को यह जानकारी प्राप्त हुई की नगर में कोई बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई है घटना के संबंध में हुई प्राप्त जानकारी के अनुसार बी टी आई स्कूल एवं पलोटन गंज के बीच स्टेशन से आ रही तेज रफ्तार की सफेद कलर की केरेटा कार क्रमांक एम पी 04 बाय बी 8776 ने स्टेशन की ओर जा रहे स्कूटी पर सवार तीन लोगो को आमने- सामने से जमकर टक्कर मार दी है। बहुत ही दर्दनाक एक्सीडेंट था जिसके कारण तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में रोहित बाधरेले उम्र 20 वर्ष, धीरज कहार उम्र 22 वर्ष, साहिल कहार उम्र 20 वर्ष, तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए है घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस को घटना की जानकारी लगता ही पुलिस घटनास्थल पहुंची सभी घायलों को इलाज हेतु शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा ले जाया गया प्राथमिक उपचार के बाद रोहित बाधरेले को नरसिंहपुर रिफर किया गया।

## गांव में आठ दिनों से पसरा अंधेरा परीक्षाओं के बीच छात्रों की पढ़ाई ठप्प

**नवभारत/गोटेगांव।** तहसील की ग्राम पंचायत मुआर में पिछले 27 जनवरी से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद होने के कारण ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भीषण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग द्वारा बकाया बिल वसूली के नाम पर की गई इस सामूहिक कटौती ने पूरे गांव को अंधकार में धकेल दिया है। वर्तमान में बोर्ड और स्थानीय परीक्षाओं का दौर चल रहा है, ऐसे में अचानक बिजली गुल होने से छात्र-छात्राओं का भविष्य दांव पर लग गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय रोशनी न होने के कारण बच्चों के लिए परीक्षा की तैयारी करना असंभव हो गया है, जिससे उनकी साल भर की मेहनत पर पानी फिरने का डर बना हुआ है। गांव में बिजली न होने से न केवल शिक्षा बल्कि रोजमर्रा के जरूरी कार्य और पेयजल व्यवस्था भी पूरी तरह ठप हो गई है। ग्रामीणों का तर्क है कि विभाग को केवल बकायेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन इसकी सजा पूरे गांव के बच्चों और बुजुर्गों को देना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरपंच ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। मामले की गंभीरता को



देखते हुए गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि परीक्षाओं के समय को ध्यान में रखते हुए बकायेदारों से वसूली की प्रक्रिया अलग से की जाए, लेकिन छात्रों के हित को सर्वोपरि रखते हुए गांव की बिजली आपूर्ति तत्काल बहाल की जाए ताकि जनजीवन सामान्य हो सके।

### इनका कहना है

27 जनवरी से पूरा गांव अंधेरे में है। बच्चे रात में पढ़ नहीं पा रहे हैं। कुछ लोगों के बिल बकाया होने की सजा सबको मिल रही है, जो पूरी तरह से गलत है।

**कृष्ण कुमार राजपूत**
सरपंच, ग्राम-मुआर

## गोटेगांव की संस्था जबलपुर के सांस्कृतिक आकाश में सजाएगी ऋतु रंग नाट्य महोत्सव का मंच

**नवभारत/ गोटेगांव।** संस्था ऋतु रंगशाला आर्ट, कल्चर एंड वेलफेयर सोसाइटी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर द्वारा अपने प्रथम नाट्य समारोह का भव्य आयोजन आगामी 10 फरवरी से 14 फरवरी 2026 तक शहीद स्मारक सभागार गोलबाजार जबलपुर में शाम 7:00 किया जा रहा है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार , संस्कृति संचालनालय भोपालएवं महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित यह पांच दिवसीय ऋतु रंग नाट्य महोत्सव गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक के प्रांगण में कला और संस्कृति की छटा बिखेरेगा। यह महोत्सव भारतीय रंगमंच के शिखर पुरुषों और समाजसेवियों की पावन स्मृति को समर्पित है। संस्था इस आयोजन के माध्यम से कर्मठ समाजसेवी मणिनागेंद्र सिंह पटेल पद्मश्री बंसी कौल, प्रख्यात रंगकर्मी अरुण पांडे एवं वरिष्ठ रंगकर्मी सीताराम सोनी जी के अवदान को सादर नमन करेगी। रंगमंच के प्रति अटूट निष्ठा और सक्रियता के लिए संस्था द्वारा इस वर्ष से गुरु शिष्य परंपरा के तहत रंगगुरु बंसी-अरुण स्मृति सम्मान का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रथम सम्मान हेतु वरिष्ठ चयन समिति ने सुप्रसिद्ध सक्रिय रंगकर्मी विवेचना रंगमंडल रंगकर्मी संतोष राजपूत के नाम पर अपनी स्वीकृति दी है।




## अधिकारियों ने किया गाडरवारा के एमआरएफ प्लांट का निरीक्षण

**गाडरवारा।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद गाडरवारा के एमआरएफ प्लांट, सीएंडडी प्लांट, कंपोस्ट पीट एवं रिड्यूस रीयूज रिसाइकिल पार्क का निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी गाडरवारा, नरसिंहपुर, करेली, सालीचौका व साईंखेड़ा और संबंधित इंजीनियर एवं हेल्थ ऑफिसर मौजूद थे।

## तेंदूखेड़ा के 9 परीक्षा केंद्रों में शामिल होंगे दसवीं के1401 एवं बारहवीं के1243 विद्यार्थी

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित किये गये वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार आगामी 10 फरवरी से हायर सेकेण्डरी स्कूल की एवं 13 फरवरी से हाईस्कूल की परीक्षायें प्रारंभ होने जा रही है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौ परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 1401 परीक्षार्थी और हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में 1243 परीक्षार्थी शामिल होंगे। लगभग सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के साथ परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा ना हो को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए गए हैं।अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर बाहर दूसरे गांवों के छात्र भी शामिल होंगे उन्हें आने जाने को लेकर भी समय का ध्यान रखते हुए उक्त परीक्षाएं सुबह 9 बजे 12 बजे तक आयोजित की जायेगी। लेकिन परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर साढ़े आठ बजे तक पहुंचना आवश्यक होगा 8.45 के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिल सकेगा। परीक्षार्थी को 10 मिनिट पूर्व उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनिट पूर्व प्रश्न पत्र वितरित किए जाएंगे।

### कन्या विद्यालय केंद्र में बैठेंगे सर्वाधिक छात्र

तहसील मुख्यालय पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा क्षेत्र का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र है। यहां पर कक्षा दसवीं में 353 तथा बारहवीं में 438 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। इस केंद्र में बालक उच्चतर तेंदूखेड़ा के साथ सर्वोदय विद्यालय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम के साथ ज्ञानोदय स्कूल के छात्र शामिल होंगे। जबकि बिल्थारी हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र में सबसे कम परीक्षार्थी शामिल होंगे। यहां पर दसवीं में 44 और बारहवीं में 36 छात्र छात्राएं बैठेंगे।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा के बालक उच्चतर विद्यालय परीक्षा केंद्र में दसवीं में 146 और बारहवीं में 188 छात्र बैठेंगे। जिसमें कन्या विद्यालय और इमझिरा स्कूल के छात्र छात्राएं शामिल होंगे।शासकीय विद्यालय देवरी राजमार्ग परीक्षा केंद्र में दसवीं में 256 बारहवी में 277 छात्राएं शामिल होंगे जिसमें हाईस्कूल बिल्हरा आदर्श ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल एवं शारदा विद्या निकेतन के छात्र छात्राएं शामिल होंगे।चांवरपाठा में दसवीं में 127 बारहवीं में 142 छात्र बैठेंगे यहां पर शासकीय हाई स्कूल काशीखेरी के भी छात्र शामिल हैं। शासकीय स्कूल डोभी परीक्षा केंद्र में दसवीं में 197 बारहवीं में 116 छात्र छात्राएं बैठेंगे।

इसी तरह भामा हाईस्कूल परीक्षा केंद्र में 96 छात्र छात्राएं जिसमें टेकापार और हीरापुर ललिता पीठ के छात्र बैठेंगे शासकीय हाई स्कूल मदनपुर में 96 परीक्षार्थी शामिल होंगे जिसमें हाईस्कूल सर्रा मर्रावन के छात्र बैठेंगे । हाई स्कूल विलगुवां परीक्षा केंद्र में कक्षा दसवीं में 86 तथा बारहवीं में 46 छात्र शामिल होंगे।जो पीपरवानी हाईस्कूल और बाल विद्या मंदिर गुटोरी के छात्र छात्राएं शामिल होंगे।



## ग्राम झिरी में शासकीय गौशाला के आसपास की चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाया गया

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशानुसार तेंदूखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत करहैया के ग्राम झिरी में स्थित शासकीय गौशाला के आसपास की शासकीय चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई। कार्यवाही के दौरान अतिक्रमित भूमि को मुक्त कर गौशाला एवं चरनोई भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। तहसीलदार तेंदूखड़ा श्री निर्मल पटले द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध यह कार्यवाही नियमानुसार की गई है।

### एक नजर में




## कल्याणपुर के छात्र-छात्राओं ने किया ओद्योगिक भ्रमण

**नवभारत/चीचली।** विगत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर के छात्र छात्राएं औद्योगिक भ्रमण हेतु एक निजी शापिंग मॉल नरसिंहपुर गए। उन्होंने विभिन्न काउंटरों पर खरीदारी की प्रक्रिया सीखी साथ ही खुदरा व्यापार के तरीके से अवगत हुए। माल के प्रोपराइटर ने बताया कि हमारे यहां पर उपभोक्ताओं को बहुत छोटे-छोटे बिजनेस करने हेतु सामग्री बहुत कम दामों पर उपलब्ध है। तदोपरांत कृषि विज्ञान केंद्र नरसिंहपुर का भ्रमण छात्र छात्राओं को कराया गया। बच्चे अपने अपने खेत की मिट्टी के लगभग 40 से 50 सैंपल ले गए मृदा परीक्षण प्रयोगशाला नरसिंहपुर में जमा किए जिनके सॉइल कार्ड बनेंगे। इस दौरान मृदा परीक्षण कैसे होता है के बारे में प्रयोगशाला प्रभारी ने प्रयोग के दौरान बताया। इस अवसर पर नरसिंहपुर जिले के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से छात्र छात्राओं का परिचय हुआ जिसमें जैविक खेती प्रगतिशील कृषक कृष्णकुमार लोधी ने मृदा संरक्षण एवं प्रकृति जैविक एवं , व्यवसायिक कृषि में अंतर बताया। छात्र छात्राएं रिटेल एवं एग्रीकल्चर अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण पर जाकर उनके व्यवहारिक जीवन में कैसे उपयोग हो इसका अनुभव लिया एवं उत्सुकतापूर्ण वापिस लौटे जैविक खेती के प्रति जागरूकता भी उनके अंदर आई। विदित हो कि भ्रमण प्राचार्य कल्याणपुर ओमप्रकाश कौरव के निर्देशन में वरिष्ठ शिक्षक शिवदास चढ़ार, मुनमुनम उईके ,मनीषा पटले, नमन शर्मा, के सहयोग से सम्पन्न हुआ

## रामकुंवर बाई का निधन



**नवभारत/ गाडरवारा।** डॉ सुनील कतिया , नरेन्द्र कतिया की माताजी रामकुंवर बाई कतिया का बीमारी के चलते 71 वर्ष की आयु में निधन दिन बुधवार को हो गया, उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को चीचली मुक्तिधाम में किया गया। मुक्तिधाम में उन्हें सभी वर्गो के लोगों ने उपस्थित होकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और परमपिता परमात्मा से प्रार्थना कि आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## नहीं रहीं नगर की सबसे बुजुर्ग महिला

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस नगर पुरोहित पंडित सत्यनारायण चौबे की सासु मां एवं पं प्रभु दयाल भगवत प्रसाद दुबे ढोडा वालों की 120 वर्षीय पूज्य माता जी रेशम बाई का निधन हो जाने पर उन्हें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

## कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं की चयन प्रवेश परीक्षा कल

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नरसिंहपुर में कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं में प्रवेश परीक्षा सत्र 2026 शनिवार 7 फरवरी को आयोजित होगी। इसके लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नरसिंहपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। कक्षा 9 वीं के लिए प्रातः 11.15 बजे से दोपहर 01.45 बजे तक और कक्षा 11 वीं के लिए प्रातः 11 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नरसिंहपुर श्री अरूण कुमार तिवारी ने बताया कि कक्षा 9 वीं में 654 एवं कक्षा 11 वीं में 149 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी निर्धारित समय से 30 मिनट पहले प्रवेश पत्रों के साथ परीक्षा केन्द्र में पहुंचें। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं किया है।



## अवैध शराब का फरार तस्कर धनराज लोधी पुलिस की गिरफ्त में

**नवभारत/नरसिहपुर।** उक्त प्रकरण में आरोपी धनराज लोधी की संलिप्तता पाए जाने के फलस्वरूप तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। अपराध पंजीबद्ध होने की सूचना प्राप्त होते ही आरोपी धनराज लोधी फरार हो गया था। फरार अवैध शराब तस्कर की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 1 रुपये का नगद इनाम घोषित किया लंबे समय से फरार चल रहा शराब तस्कर धनराज लोधी पुलिस की पकड़ से लगातार दूर भाग रहा था तथा गिरफ्तारी से बच रहा था। फरार आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने एवं उस पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा 1 रुपये के नगद इनाम की घोषणा की गई। साथ ही आरोपी के पोस्टर तैयार कर उसके ग्राम, सार्वजनिक स्थान एवं सोशल मीडिया पर प्रसारित कराए गए।

## भव्य रूप से मनाया जाएगा आगामी कर्मा जयंती महोत्सव

**नवभारत/ गोटेगांव।** बीते दिवस तहसील साहू समाज ने एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया जिसमें मुख्य रूप से गोटेगांव साहू समाज उत्थान मंडल अध्यक्ष भगवानदास बीडी साहू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन साहू एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में नगर स्थित प्रखर गार्डन में बैठक आयोजित की गई, बैठक में सर्वप्रथम मां कर्मा देवीजी की पूजन अर्चन एवं सामूहिक रूप से आरती वंदन कर बैठक प्रारंभ की गई, जिसमें आगामी 15 मार्च को साहू समाज की आराध्य मां कर्मा देवी जयंती महोत्सव को भव्य और दिव्य रूप से मनाने हेतु आगामी तैयारीयों को लेकर रूपरेखा तैयार कर विस्तृत चर्चा किए जाने के साथ मुख्य रूप से जयंती महोत्सव पर शादी योग्य युवक युवती का परिचय सम्मेलन, वरिष्ठजनों का सम्मान एवं मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान के साथ सामाजिक एकता अखंडता और समरसता के भाव को प्रदर्शित करते हुए



कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने हेतु आयोजन समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी, साथ ही साथ यह भी निर्णय लिया मां कर्मा जयंती महोत्सव के दिन सभी सामाजिक बंधु अपनी-अपनी प्रतिष्ठान बंद कर कार्यक्रम को सफल बनाएं बैठक में वही समाज के वरिष्ठ हेतरामजी साहू इमलिया वालों को भामाशाह के रूप में घोषणा कर उन्हें फूल मालाओं से स्वागत बंधन अभिनंदन किया गया वहीं अंचल क्षेत्र से पहुंचे सामाजिक उपस्थित स्वाजतीय बंधुओ ने मां कर्मा जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया बैठक में संपूर्ण गोटेगांव ब्लॉक क्षेत्र के स्वाजतीय बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शहीद आशीष शर्मा की जीवन गाथा ने जीता शहरवासियों का दिल

**नवभारत/ गाडरवारा।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर स्थानीय रूद्रा मैदान में आयोजित शहर स्तरीय समारोह में दक्ष इंटरनेशनल स्कूल (सीबीएसई), गाडरवारा ने अपनी देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों से सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बोहनी (जिला नरसिंहपुर) के वीर सपूत शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की जीवन यात्रा का अत्यंत भावपूर्ण और भव्य मंचन किया, जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह की आँखें नम हो गईं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय को सांस्कृतिक श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

### गाडरवारा में बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ दक्ष इंटरनेशनल स्कूल ने शारीरिक शिक्षा और अनुशासन में भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। विद्यालय ने व्यायाम-योग श्रेणी में



द्वितीय स्थान हासिल किया। मार्च पास्ट, व्यायाम और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यालय की टीम को श्रीमती कलावती बहेरे, नगर पालिका अध्यक्ष श्री शिवकांत मिश्रा और एस.डी.ओ.पी. श्री ललित कुमार डागुर द्वारा ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यालय के नवाचार और बच्चों के कलात्मक कौशल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### करेली शाखा ने ऑपरेशन सिंदूर से बिखेरी चमक

दक्ष इंटरनेशनल स्कूल की सफलता का सिलसिला केवल गाडरवारा तक सीमित नहीं रहा। विद्यालय की करेली शाखा के विद्यार्थियों ने भी नगर पालिका परिषद करेली द्वारा आयोजित मुख्य समारोह में ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक हृदयस्पर्शी प्रस्तुति दी।

### प्रबंधन एवं नेतृत्व ने दी बधाई

इस भावुक प्रदर्शन के लिए करेली शाखा को भी प्रथम स्थान से नवाजा गया। यहाँ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार और पूर्व राज्य सभा सांसद श्री कैलाश सोनी ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनकी प्रतिभा को सराहा। विद्यालय की इस दोहरी उपलब्धि पर गौरव व्यक्त करते हुए संस्थापक श्री जे.एस. यादव और श्री चैतन्य यादव ने इसे टीम वर्क का परिणाम बताया। उन्होंने गाडरवारा प्राचार्य पी.के. चौधरी और करेली प्राचार्य रोमी सिंह सहित समस्त शिक्षक स्टाफ, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी। हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर राष्ट्रभक्ति और हमारे स्थानीय नायकों के प्रति सम्मान जगाना है। शहीद आशीष शर्मा जी की शहादत को नमन करना हमारे लिए गर्व का विषय है।

## महामंडलेश्वर सुरेन्द्र दास महाराज की कारजू नगर घाट से परिक्रमा का हुआ शुभारंभ

**नवभारत/ गाडरवारा।** समीपस्थ माँ नर्मदा के तट ग्राम काटजू नगर ग्राम पंचायत पलोहा जलाराम आश्रम माँ नर्मदा जी के किनारे से श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर सुरेन्द्र दास महाराज (इंडियावाड़ा ) जि. नर्मदा, गुजरात की प्रेरणा एवं उनके आशीर्वाद से माँ नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा 1 फरवरी 2026 माघी पूर्णिमा से काटजू नगर घाट से प्रारंभ हो गई है जो नयाखो ,टिमरावन, हीरापुर, भटेरा, टिमरावन होती हुई काटजूनगर घाट में 3 मार्च 2026 मंगलवार पूर्णिमा तक पूर्ण हो गई । बताया जाता है कि मां नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा के प्रारंभ से मां नर्मदा के भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है नर्मदा के घाटों पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही हैनमामि देवी नर्मदे के जयकारों लगाते हुए श्रद्धालुजन परिक्रमा में भजन मंडली के साथ भजन गाते हुए चल रहे है । संतो का सानिध्य भी प्राप्त हो रहा है परिक्रमा के दौरान मां नर्मदा के भक्तों के लिए बाल भोग एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था प्रतिदिन जलाराम आश्रम में की जा रही है। इस तरह लगभग 16 किलोमीटर की इस यात्रा में एक अलग ही माँ नर्मदा की भक्ति देखने को मिल ।